आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 26.06.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. पर्यटन विभाग की ओर से आज से तीन दिवसीय 'मानसून कार्निवल' का आयोजन किया जा रहा है।
2. अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ सेवन और अवैध तस्करी विरोधी दिवस आज मनाया जा रहा है।
3. सार्वजनिक सुरक्षा को बढ़ावा देने के तहत परिवहन विभाग की ओर से द्वीपसमूह में सघन प्रवर्तन अभियान शुरू किया जाएगा।
4. जहाजरानी सेवा निदेशालय की ओर से कैंपबेल बे के लिए एमवी नालंदा की अतिरिक्त यात्रा की व्यवस्था की गई है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह को वर्षभर के पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देने के लिए, पर्यटन विभाग अन्य संबद्ध विभागों, स्वयं सहायता समूहों, राज्य सांस्कृतिक संघों और अन्य हितधारकों के सहयोग से आज से 'मानसून कार्निवल' का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्निवल के हिस्से के रूप में, प्रदर्शनी मैदान में शाम चार बजे से रात नौ बजे तक मानसून फूड एंड स्पाइस फेस्ट आयोजित किया जाएगा। वहीं, काबाईसं कोव समुद्र तट पर आज और कल सुबह नौ बजे से बीच स्पोर्ट्स फेस्ट का आयोजन किया जाएगा। आई टी एफ मैदान में कुल पच्चीस स्टॉल लगाए गए हैं। बीच वॉलीबॉल मैच आज सुबह साढ़े नौ बजे से खेला जाएगा। इसके अलावा इंडोर गेम्स, नाटक, बैंड प्रस्तुति और स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के भी आयोजन होंगे।

<><><><><><><>

अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ सेवन और अवैध तस्करी विरोधी दिवस आज मनाया जा रहा है। इस अवसर पर, उप–राज्यपाल सेवानिवृत्त एडमिरल डी के जोशी ने द्वीपवासियों को अपने संदेश में एक नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए निरंतर प्रयासों का संकल्प लिया है। इस वर्ष का विषय 'चक्र को तोड़ें। –संगठित अपराध को रोके' है। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों का सेवन न केवल जीवन और परिवारों को नष्ट करता है, बल्कि संगठित अपराध को भी बढ़ावा देता है, सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करता है और समाज की प्रगति में बाधा डालता है। उप–राज्यपाल ने द्वीपवासियों, विशेषकर युवाओं से एनएमबीए प्रतिज्ञा लेकर और 'नशामुक्त मित्र' बनकर नशा मुक्त भारत अभियान का समर्थन करने की अपील की है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान पुलिस की ओर से नागरिकों को नशीले पदार्थों के खतरों के बारे में जानकारी देने और एक सुरक्षित, स्वस्थ और नशामुक्त समाज के निर्माण की दिशा में सामूहिक कार्रवाई को प्रोत्साहित करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। नशा विरोधी जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य में, दक्षिण अंडमान पुलिस ने पूरे जिले में जागरूकता कार्यक्रमों, रैलियों और खेल गतिविधियों की एक श्रृंखला आयोजित की। इसी क्रम में हम्फ्रीगंज थाना पुलिस ने कल हम्फ्रीगंज जंक्शन से धनीखाड़ी जंक्शन तक छः किलोमीटर लंबी युवा जागरूकता मैराथन का आयोजन किया। इस दौड़ में युवाओं, आम जनता और पुलिस कर्मियों ने भाग लिया। प्रशासन ने लोगों से नशीली दवाओं से संबंधित किसी भी गतिविधि की रिपोर्ट मानस हेल्पलाइन, पुलिस हेल्पलाइन या व्हाट्सऐप के माध्यम से साझा करने की अपील की है।

उधर, इस दिवस के अवसर पर, मध्योत्तर अंडमान जिले में भी जागरूकता कार्यक्रमों, रैलियों, वॉकाथॉन, प्रशिक्षण सत्रों और सामुदायिक गतिविधियों की एक श्रृंखला आयोजित की गई।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने उम्मीदवारों के लिए नीट–यूजी 2026 की पुनर्परीक्षा की अनंतिम उत्तर कुंजी को चुनौती देने का विंडो खोल दिया है। एनटीए ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि उत्तर कुंजी अब www.neet.nta.in पर उपलब्ध है। उम्मीदवार अट्ठाईस तारीख तक प्रति प्रश्न दो सौ रुपये शुल्क देकर प्रश्नों को चुनौती दे सकते हैं। चुनौती स्वीकार होने पर यह शुल्क वापस कर दिया जाएगा। एनटीए ने पुनर्परीक्षा में शामिल हुए उम्मीदवारों के लिए शुल्क वापसी हेतु अपने बैंक खाते के विवरण की पुष्टि और उसे अद्यतन करने के लिए भी एक पोर्टल खोला है। बैंक विवरण इसी महीने की तीस तारीख तक अद्यतन किया जा सकते हैं।

<><><><><><><>

कला एवं संस्कृति निदेशालय द्वारा राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित एक महीने की थिएटर कार्यशाला का कल उद्घाटन किया गया। अंडमान क्लब में कला एवं संस्कृति सचिव ज्योति कुमारी कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए कहा कि थिएटर एक शक्तिशाली माध्यम है जो समाज, समकालीन वास्तविकताओं और मानवीय भावनाओं को संवेदनशील तरीके से दर्शाता है। जो लोग इस कार्यशाला में भाग लेने के इच्छुक हैं, वे आज दोपहर दो बजकर पैंतालीस मिनट पर अंडमान क्लब में आकर मौके पर ही अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

<><><><><><><>

सार्वजनिक सुरक्षा को बढ़ावा देने और यातायात अनुशासन को सुव्यवस्थित करने के प्रयास के तहत परिवहन विभाग की ओर से आने वाले हफ्तों में पूरे द्वीपसमूह में सघन प्रवर्तन अभियान शुरू किया जाएगा। मोटर वाहन अधिनियम के तहत संचालित इस चेकिंग का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या पर अंकुश लगाना है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी वाहन मालिकों के पास वैध और अपडेटेड दस्तावेज़ हों। सभी दोपहिया वाहन चालकों और पीछे बैठने वाली सवारियों को स्वीकृत सुरक्षात्मक हेलमेट पहनना अनिवार्य है। इसी तरह, चार पहिया वाहनों में बैठे सभी यात्रियों के लिए भी सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य है। वाहन चलाने वालों को गति सीमाओं का पालन करने और शराब पीकर वाहन न चलाने को कहा गया है। विभाग ने परिवहन ऑपरेटरों और वाहन चालकों से इन नियमित सत्यापन अभ्यासों के दौरान पूरा सहयोग, धैर्य और शिष्टाचार बनाए रखने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

दक्षिणी द्वीपसमूह की यात्रा के लिए जहाजरानी सेवा निदेशालय की ओर से ननकौड़ी होते हुए कैंपबेल बे के लिए जहाज एमवी नालंदा की अतिरिक्त यात्रा की व्यवस्था की गई है। यह जहाज पहली जुलाई को सुबह नौ बजे हैडो जेट्टी से रवाना होगा और तीन जुलाई को सुबह आठ बजे कैंपबेल बे से ननकौड़ी होते हुए वापस श्री विजयपुरम के लिए प्रस्थान करेगा। इस यात्रा के टिकट आज सुबह नौ बजे से जारी किए जाएंगे। यात्री विभाग के ई–टिकटिंग पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन टिकट बुक कर सकते हैं। पोर्टल से सीधे जुड़ने वाला एक क्यू आर कोड भी उपलब्ध है। इसके अलावा, यात्री कल सुबह नौ बजे से स्टार्स टिकटिंग काउंटरों से भी टिकट खरीद सकते हैं।

उधर, डंडस प्वाइंट प्वाइंट और चाथम के बीच चलने वाले व्हीकल फेरी के समय में संशोधन किया गया है। संशोधित सारणी के अनुसार डंडस प्वाइंट से सुबह नौ बजे संचालित होने वाला व्हीकल फेरी अब नौ बजकर दस मिनट पर छूटेगा। इसके अलावा शाम तीन बजकर बीस और सात बजकर पैंतीस मिनट पर, जबकि चाथम से दोपहर दो बजकर पचास मिनट तथा शाम सात बजकर पन्द्रह मिनट पर जलयाान उपलब्ध रहेगा। शेष सभी व्हीकल फेरी का समय–सारणी पहले की तरह ही अपरिवर्तित रहेगा। यह संशोधन पहली जुलाई से लागू होगी।

<><><><><><><>

प्रशासन के मैट्रिक स्तर के पदों के लिए ई–रिक्रूटमेंट पोर्टल पर आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को बढ़ा दिया गया है। उम्मीदवार मैट्रिक स्तर और हायर सेकेंडरी स्तर के पद के लिए अब पन्द्रह जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा आवेदन की अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद एक सुधार विंडो खोली जाएगी। सुधार विंडो की तिथियों की घोषणा प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से की जाएगी।

<><><><><><><>

चिन्मय मिशन स्वास्ति होमियो क्लिनिक के सहयोग से अट्ठाईस जून को 'जागरूकता सह निःशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन करने जा रहा है। शिविर सुबह दस बजे से चिन्मय मिशन सभागार में आयोजित होगा। शिविर का संचालन डॉ. स्मृति दास करेंगी।

<><><><><><><>